हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 29 जुलाई 2026
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

बैठक में कलेक्टर ने कहा: प्राकृतिक... 14



कॉलेज में कारगिल विजय दिवस पर हुए... 14






# बारिश थमने से खेती ने पकड़ी रफ्तार, दोहरी मार से चिंता बरकरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश थमने के बाद खेती-किसानी के कामों में तेजी आ गई है। खेतों में पानी का बहाव रुकने के साथ ही किसानों ने खेतों का रुख कर लिया है। वर्तमान में किसान अपने खेतों में खाद और दवाइयों का छिड़काव करने के साथ ही निंदाई एवं धान रोपाई का काम जोर-शोर से कर रहे हैं। क्षेत्र के किसान बिहारी ध्रुव एवं पतिराम साहू ने बताया है कि धान बोनी के अलग-अलग पद्धतियों के अनुसार किसान कृषि कार्य कर रहे हैं। जिन खेतों में खुर्रा और लाई चोपी पद्धति से धान की बोनी की गई थी, वहां किसान इन दिनों खरपतवार नाशक दवाइयों का छिड़काव कर रहे हैं।

इन खेतों में एक सप्ताह बाद खाद का छिड़काव किया जाएगा। जिन इलाकों में रोपा पद्धति से धान की रोपाई की गई है, वहां के किसान वर्तमान में खेतों में खाद और कीटनाशक का छिड़काव कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि हाल ही में हुई अच्छी बारिश से खेतों में पर्याप्त पानी जमा हो चुका है। यदि आगामी एक सप्ताह तक मौसम ऐसा ही साफ रहा, तो खेती की स्थिति काफी हद तक संभल जाएगी।

## दवाइयों का छिड़काव करने के साथ ही निंदाई एवं धान रोपाई का काम जोर-शोर से

### लगातार बारिश और बीज सड़ने से किसानों को भारी नुकसान

हालांकि, इस बार मौसम की बेरुखी ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सीजन की शुरुआत में लंबे समय तक बारिश नहीं हुई और जब बारिश शुरू हुई, तो वह लगातार होती रही। अधिकांश किसानों ने शुरुआत में खुर्रा बोनी की थी, लेकिन लगातार पानी गिरने के कारण खेतों में बीज सड़ गए। पानी निकलने के बाद किसानों ने दोबारा धान का छिड़काव किया, लेकिन बारिश का मिजाज नहीं बदला और दोबारा बीज सड़ गए।



### पौधों का घनत्व कम होने से उत्पादन घटने की आशंका

बारिश की मार के कारण वर्तमान में खेतों में धान के पौधों का घनत्व काफी कम हो गया है। इस कमी से उबरने के लिए किसान खाद, टॉनिक और दवाइयों का छिड़काव कर रहे हैं, ताकि पौधों का विकास बेहतर तरीके से हो सके। इसके बावजूद किसानों का मानना है कि पौधों की संख्या कम होने के कारण इस बार धान का कुल उत्पादन बेहतर रहने की उम्मीद काफी कम है। मौसम की इस अनिश्चितता ने जिले के अन्नदाताओं की चिंता को बढ़ा दिया है।

## खबर संक्षेप

### घर के पास शराब पीने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** घर के पास शराब पीने से मना करने पर मारपीट के आरोप में महासमुंद थाने में शिकायत के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, वार्ड नं. 10 भुरका महासमुंद निवासी ओमलाल साहू 27 जुलाई को भूपेंद्र साहू के साथ घर का सामान लेने महासमुंद गया था. सामान लेकर वापस घर आकर देखा तो उसके घर के पास रोड में लकेश्वर ध्रुव, अजय ध्रुव एवं अन्य लोग शराब पी रहे थे, जिसे मना करने पर उन्होंने ओमलाल और भूपेंद्र साहू को अश्लील गाली गलौच कर हाथ मुक्का एवं बांस के डंडे से मारपीट करने लगे, उतने में ओमलाल का बेटा कुलेश्वर साहू आया और बीच बचाव किया तो उसे भी मारने लगे। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी लकेश्वर ध्रुव, अजय ध्रुव एवं अन्य के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### 10 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम उड़ेला में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब के मामले में कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार, 26 जुलाई को मुखबिर की सुचना पर पुलिस ग्राम उड़ेला पहुंची, जहां बाधा जाने वाली कच्ची रोड किनारे पेड़ के पास आरोपी कोमल कुमार बसंत पिता गनपत बसंत उम्र 38 साल निवासी लोहडीपुर को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस ने उसके कब्जे से पांच-पांच लीटर वाली पीला कलर के दो प्लास्टिक जरीकेन में करीबन 5-5 लीटर भरी हाथ से निर्मित महुआ शराब कुल करीब 10 लीटर कीमती 2000 रुपए जब्त किया गया हैं। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### बीज निगम के पास बुजुर्ग गिरफ्तार, अवैध शराब जब्त

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम दर्राभाठा स्थित बीज निगम के पास पुलिस ने अवैध शराब के मामले में कार्रवाई कर बुजुर्ग को पकड़ा। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, 26 जुलाई को पुलिस ने मुखबिर की सुचना पर पहुंचकर आरोपी पराउ निषाद पिता दुखीराम निषाद उम्र 60 साल निवासी मोंहदा को पकड़ा, आरोपी के कब्जे से 4 लीटर हाथ भट्टी निर्मित महुआ शराब कीमती 800 रुपए बरामद किया गया।

### मारपीट कर दांत से काटने के आरोप में केस दर्ज

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत भंवरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम लोहडीपुर में मारपीट कर दांत से काटने के आरोप में शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। ग्राम लोहडीपुर निवासी पुखराज टंडेन ने पुलिस को बताया कि 26 जुलाई को प्यारेलाल छत्रे मोटर सायकल कहीं छोड़ दिया था, जिसे पुखराज ने खोजबीन कर लाया था और 27 जुलाई को उसके मोटर सायकल को देकर नहाने के लिए अपने गांव के तालाब जा रहा था। इसी दौरान प्यारेलाल छत्रे ने मेरे लड़कों को बिगाड़ रहा है कहकर गालियां देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा और दांत से नाक को काट दिया, जिससे पुखराज के नाक में चोट लगी है,इस दौरान आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी।

## कार्रवाई : जिले की पुलिस और एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स को मिली बड़ी सफलता

# युवक के साथ दो नाबालिग भी तस्करी में पकड़े गए राजधानी में खपाने ओडिशा से ले जा रहे थे गांजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले की पुलिस और एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ सफलता हासिल की है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान ओडिशा से गांजा तस्करी कर रहे एक मुख्य आरोपी और दो नाबालिगों को धर दबोचा है। आरोपियों के कब्जे से कुल 14.800 किलोग्राम गांजा और परिवहन में इस्तेमाल होने वाले वाहनों समेत करीब 9 लाख 64 हजार रुपए की कुल संपत्ति जब्त की गई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री पर रोक लगाने के लिए लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना कोमाखान पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ओडिशा की ओर से कुछ संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल पर अवैध रूप से गांजा लेकर आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम नर्रा जांच नाका के पास घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस ने ओडिशा की तरफ से आ रही एक लाल रंग की टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल क्रमांक ओडी 08 यू 4526 और उसके आगे पायलेटिंग कर रही एक अन्य काली रंग की सीडी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 एबी 4789 को रोका।

### रायपुर ले जाने की थी योजना

वाहन पर सवार लोगों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपनी पहचान छिपाई नहीं और सच कबूल लिया। मुख्य आरोपी ने बताया कि वह मोटरसाइकिल की सीट के नीचे बोरी में भरकर अवैध गांजा ले जा रहा था। पूछताछ में यह बात सामने आई कि वे इस गांजे को ओडिशा के फुलबानी के जंगलों से लाकर राजधानी रायपुर में खपाने की योजना बना रहे थे। दो अन्य व्यक्ति विधि से संघर्षरत बालक (नाबालिग) थे जो मुख्य तस्कर को सुरक्षित रास्ता दिखाने के लिए आगे-आगे चल रहे थे।



### दो नाबालिग के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध गांजा 14.800 किलोग्राम अनुमानित कीमत 7,40,000 रुपए, 2 नग मोटरसाइकिल अनुमानित कीमत 1,40,000 रुपए, नकदी रकम 49,000 रुपए, 3 नग मोबाइल फोन अनुमानित कीमत 35,000 रुपए कुल 9 लाख 64 हजार रुपए संपत्ति जब्त की गई हैं। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तार किए गए लोगों में नूरप बेमाल पिता दैतारी बेमाल 35 वर्ष, निवासी करलागांव, थाना केगांव, जिला कालाहांडी, ओडिशा एवं दो विधि से संघर्षरत बालक (नाबालिग) को गिरिफ्तार किया हैं।

## ओडिशा से लाई जा रही 18 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

ओडिशा राज्य से अवैध रूप से परिवहन कर लाई जा रही 18 लीटर महुआ शराब के साथ दो आरोपियों को कोमाखान पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से शराब, एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन भी जब्त हुआ। कोमाखान पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि खरियार रोड (ओडिशा) से ग्राम नर्रा की तरफ एक पल्सर मोटरसाइकिल (क्रमांक सीजी 06 एचबी 1324) पर सवार होकर दो लोग ओडिशा निर्मित महुआ शराब बेचने के लिए ले जा रहे हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने बताए गए मार्ग पर घेराबंदी की। पुलिस ने संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोककर उस पर सवार दोनों व्यक्तियों से पूछताछ की। पुलिस पूछताछ में दोनों ने अपना नाम बीरू यादव पिता सिजेलाल, 34 वर्ष और ललित नायक पिता आशाराम, 30 वर्ष बताया। दोनों आरोपी भटगांव, थाना कोमाखान के रहने वाले हैं। पुलिस ने जब उनके वाहन और सामान



की तलाशी ली, तो उनके कब्जे से 90 नग पाउच (प्रत्येक 200 एमएल, कुल 18 लीटर) ओडिशा निर्मित हिरण छाप महुआ शराब बरामद हुई। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए मौके से 90 नग पाउच (कुल 18 लीटर), जिसकी कीमत लगभग 3,600 रुपए है। घटना में प्रयुक्त एक पल्सर मोटरसाइकिल, जिसकी कीमत लगभग 80,000 रुपए है। 1 नग मोबाइल फोन, जिसकी कीमत लगभग 7,000 रुपए है। इस प्रकार, पुलिस द्वारा कुल 90,600 रुपए की संपत्ति जब्त की गई है। आरोपियों का यह कृत्य आबकारी एक्ट की धारा के अंतर्गत पाए जाने पर, थाना कोमाखान में अपराध क्रमांक 111/2026 के तहत धारा 34(2) आबकारी एक्ट का मामला पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की विवेचना और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### डेढ़ महीने से फरार अवैध शराब तस्कर गिरफ्तार पुलिस ने भेजा जेल

**महासमुंद।** शङर के एक अन्य मामले में पिथौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मेमरा में डेढ़ महीने से फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरी कार्रवाई 8 जून को की गई थी। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम मेमरा निवासी चमरू यादव के घर में भारी मात्रा में अवैध शराब बिक्री के लिए रखी गई है। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बताए गए मकान पर छापा मारा। पुलिस के आने की भनक लगते ही मकान मालिक चमरू यादव मौके से फरार हो गया था। गवाहों और ग्राम जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पुलिस ने बंद मकान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान घर के अंदर से विभिन्न थैलियों में रखी भारी मात्रा में देशी और अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस ने कुल 62.460 लीटर अवैध शराब जब्त की, जिसकी बाजार में कुल कीमत 40,900 रुपये आंकी गई है। घटना के बाद से ही आरोपी चमरू यादव लगातार फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। हाल ही में मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी किसी स्थान पर देखा गया है। इसके बाद पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान चमरू यादव पिता कार्तिको यादव, उम्र 51 वर्ष, निवासी ग्राम मेमरा, थाना पिथौर के रूप में हुई है।

### पांच रुपए मांगने पर दुकानदार से मारपीट, तोड़फोड़

**महासमुंद।** नगर के शीतला पारा में सामान के पांच रुपए मांगने पर एक किराना व्यवसायी के साथ चार लोगों ने मारपीट कर दुकान में तोड़फोड़ कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में मामला दर्ज किया गया है। वार्ड नं 15 शीतला पारा महासमुंद किराना व्यवसायी शत्रुघन सिन्हा और उसकी पत्नी जागेश्वरी सिन्हा 27 जुलाई की शाम 07.30 बजे दुकान में ग्राहकों को सामान दे रहे थे, उसी समय संजू धीवर, पुरूषोत्तम धीवर, टेकेश्वर साहू, डोमन ध्रुव दुकान में आए और दस रुपए का सामान खरीदा, लेकिन उन लोगों ने केवल पांच रुपए ही दिया। बचे हुए पांच रुपए जब प्रार्थी ने मांगे तो आरोपियों ने गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। साथ ही दुकान में तोड़फोड़ भी की। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि तोड़फोड़ के दौरान उसके शर्ट की जेब में रखे करीब 8000 रुपए आरोपियों ने लूट लिए और उसकी पत्नी जब पुलिस को फोन लगाने लगी तो मोबाईल छीन कर वहां से भाग गए। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 309(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### बाइक से गांजा तस्करी कर रहे दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बाइक से गांजा की तस्करी करने वाले दो लोगों को सांकरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से साढ़े तीन लाख रुपए का 7.20 किलो गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम लोहरसी ओडिशा की ओर से दो व्यक्ति एक काले रंग के मोटर सायकल में बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर ग्राम कसडोल बलौदा बाजार की ओर जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने बजाज प्लसर मोटर साइकिल सीजी 06 जीजेड 6945 के आने पर उसे रोका। पूछताछ में संदेहियों ने अपने नाम झस कुमार साहू पिता मिनीकेतन साहू (30 साल), नीलसागर साहू पिता बसंत साहू (31 साल) जामपाली थाना झारबंद जिला बरगढ ओडिशा होना बताया पुलिस ने बाइक की तलाशी लेने पर उनके पास 07.200 किलोग्राम कीमत 3,50,000 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## टेमरी जांच चौकी में ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों के साथ अभद्रता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के कोमाखान थाना क्षेत्र अंतर्गत टेमरी जांच नाका पर ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों के साथ अभद्रता, धक्का-मुक्की और सरकारी कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। इस संबंध में कोमाखान पुलिस ने ट्रक क्रमांक सीजी 04 क्यूआर 5456 के चालक और उसके साथी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, 26 जुलाई 2026 की रात करीब 10:30 बजे टेमरी जांच नाका पर नियमित वाहन चेकिंग चल रही थी। इसी दौरान ओडिशा के खरियार रोड की ओर से आ रहा ट्रक सीजी 04 क्यूआर 5456 तेज रफ्तार में पहुंचा। ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने चालक को वाहन धीमा करने का इशारा किया, लेकिन उसने कथित रूप से बैरियर पर लगे स्टॉपर को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया।

एफआईआर के अनुसार, ट्रक रोककर समझाने पर चालक और उसके साथी ने पुलिसकर्मियों व अन्य चेकपोस्ट स्टाफ के साथ अश्लील गाली-गलौज की। आरोप है कि उन्होंने वर्दी उतरवाने और नौकरी से निकलवाने की धमकी देते हुए धक्का-मुक्की की तथा सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की। इसके बाद आरोपी ट्रक लेकर मौके से फरार हो गए। मिली जानकारी के अनुसार टेमरी जांच नाका पर गांजा, शराब और नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए पुलिस, आबकारी और वन विभाग की संयुक्त टीम तैनात रहती है। घटना के समय आरक्षक कुलेश्वर साहू, वीरेंद्र नेताम, युवराज ठाकुर, रामकुमार ध्रुव, वन विभाग के नरेंद्र चंद्राकर तथा आबकारी विभाग के सुरक्षाकर्मी गणेश टंडन और रमेश साहू भी मौके पर मौजूद थे।

इस मामले में कोमाखान थाने में ट्रक चालक और उसके साथी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता) की धाराओं 132, 221, 224, 296, 3(5), 324(3) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ट्रक चालक और उसके साथी की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है।

## संत गुरु रविदास की 650वीं जयंती पर होगा आयोजन

# जिले में भाजपा का समरसता संकल्प अभियान आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के 650वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा देशव्यापी समरसता संकल्प अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई, जिसमें पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने अभियान की विस्तृत जानकारी दी। पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने बताया कि यह अभियान 29 जुलाई से शुरू होकर 20 फरवरी 2027 तक पूरे देश में राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला, मंडल और ग्राम स्तर पर संचालित किया जाएगा। इस अभियान का



मुख्य उद्देश्य संत गुरु रविदास महाराज के समता, सामाजिक न्याय, सेवा, सद्भाव और सामाजिक समरसता के संदेश को आम जनता तक पहुंचाना है। इसके साथ ही, विकसित भारत के निर्माण में समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना भी इस अभियान का अहम हिस्सा है। चुन्नीलाल साहू ने बताया कि अभियान के तहत कई बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें 29 जुलाई को समरसता दीप महोत्सव का आयोजन किया जाएगा जिसमें 51 हजार स्थानों पर दीप प्रज्वलित किए जाएगें एवं रविदास घाट वाराणसी में 11 हजार दीप प्रज्वलित किए जाऐगें। कलश वंदन अभियान में गोवर्धनपुर में सभी प्रदेशों की टोलियों को पवित्र मिट्टी से भरा सुसज्जित 131 कलश प्रदान किए जाएंगे संत संपर्क अभियान, समरसता यात्रा एवं छात्रावास संपर्क अभियान का आयोजन किया जाएगा।

### सक्रिय भागीदारी की अपील

चुन्नीलाल साहू ने समाज के सभी वर्गों, संत-महात्माओं, सामाजिक संगठनों, युवाओं, महिलाओं और पार्टी कार्यकर्ताओं से इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल कार्यक्रमों की एक श्रृंखला नहीं है, बल्कि यह सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता और विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने वाला एक व्यापक जन आंदोलन है।

### प्रमुख नेता रहे मौजूद

इस पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा के कई दिग्गज नेता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू, बीज विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, कार्यक्रम के प्रदेश सहसंयोजक शंकर अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर और जिला महामंत्री थान सिंह दीवान शामिल रहे। इनके अलावा पार्टी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

## खेत में अवैध महुआ शराब बेचते एक आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** खेत में अवैध रुपसे महुआ शराब बेज रहे एक आरोपी को पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी से पुलिस ने 6 लीटर महुआ शराब जब्त भी की। पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बरेकेलखुर्द में हुई छापामार कार्रवाई के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम बरेकेलखुर्द निवासी रामलाल पटेल ने अपने खेत में भारी मात्रा में बिक्री के लिए अवैध शराब छिपाकर रखी है। सूचना मिलते ही पिथौरा थाना पुलिस की टीम ने गवाहों के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और रेड कार्रवाई को अंजाम दिया। तलाशी के दौरान मौके पर आरोपी रामलाल पटेल पिता ननकू पटेल 55 वर्ष उपस्थित मिला। उसके कब्जे से एक 10 लीटर वाली सफेद प्लास्टिक की जरकीन में भरी हुई 06 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब बरामद की गई। जब्त की गई शराब की कुल कीमत 1200 रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के कृत्य को आबकारी एक्ट के प्रावधानों के तहत गंभीर मानते हुए उसे मौके पर विधिवत गिरफ्तार कर लिया। थाना पिथौरा में आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 187/2026, धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## खबर संक्षेप



### माता पार्वती व्रत पर की गई पूजा अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में सोमवार 27 जुलाई से जया-पार्वती व्रत का शुभारंभ पर महिलाओं ने तालाबों में माता पार्वती की पूजा अर्चना की। यह व्रत पांच दिनों तक चलता है और 31 जुलाई को इसका समापन होगा। हिंदू धर्म में इस व्रत का विशेष महत्वपूर्ण माना गया है। खासतौर पर बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस व्रत को करने से भगवान शिव और माता पार्वती का आशीर्वाद प्राप्त होता है महिलाओं ने जीवनसाथी की कामना से यह व्रत रखते हैं।

### बेलसोंडा में 25 हजार की चोरी

**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा में एक घर से 25 हजार नगद समेत अन्य सामान की चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। बेलसोंडा के वार्ड 20 टेडहीपारा में रहने वाली महिला भगवंतिन साहू तबियत खराब होने के कारण 27 जुलाई को अपने घर में ताला लगाकर गेनेश्वर साहू के घर गई थी। दूसरे दिन जब वह घर पहुंची तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था और घर के आलमारी में रखे 25 हजार नगद, मोबाइल, आधार, एटीएम कार्ड चोरी हो गए थे। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305(ई), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति की हुई बैठक

**रायपुर।** अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति की प्रदेश कार्यालय में कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिवारी ने संगठन विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज के अविवाहित युवक-युवतियों के रिश्ते तय होने में आ रही कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए रायपुर में अविवाहित युवक-युवती, कात्यायनी एवं परित्यक्ता परिचय सम्मेलन का आयोजन नवंबर माह में किया जाएगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य योग्य युवक-युवतियों एवं परिवारों को एक मंच प्रदान कर वैवाहिक संबंधों को सुगम बनाना है।

### पानी पाउच, पानी बोतल फैक्ट्री संचालन पर कार्रवाई

**रायपुर।** नगर निगम जोन 7 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने तात्यापारा वार्ड के औचक निरीक्षण के दौरान आवासीय क्षेत्र में हरिओम इंडस्ट्रीज द्वारा पानी पाउच और पानी बोतल की फैक्ट्री संचालित किए जाने की शिकायत सही पाए जाने पर दोनों फैक्ट्री के संचालकों पर 25- 25 हजार रुपए ई जुर्माना किया गया। जोन कमिश्नर डॉ तृप्ति पाणीग्रही के मार्गनिर्देशन एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू की उपस्थिति में जनशिकायत स्थल निरीक्षण के दौरान शिकायत सही मिलने पर सम्बंधित संचालक को भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी देते ई जुर्माना कर जनशिकायत का जोन स्तर पर निदान किया गया।

### बेकरी में गंदगी, जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम जोन 2 के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा गंदगी से संबंधित जनशिकायत को संज्ञान में लेकर जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के मार्गनिर्देशन और जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री रवि लवनिया की उपस्थिति में बाजार क्षेत्र में औचक निरीक्षण करने जन शिकायत वाले स्थल पर गंदगी मिली। संबंधित मोहन बेकरी के संचालक पर निगम जोन 2 की टीम ने 5 हजार रुपए रूपये का ई चालान किया।

### राहत पेंशन 1 जुलाई से स्वीकृति करने की मांग

**रायपुर।** अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स फेडरेशन एवं छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज के प्रांताध्यक्ष चेतन भारती ने पेंशनरों को 2 प्रतिशत राहत पेंशन 1 जुलाई से स्वीकृति करने की मांग शासन से की है। पेंशनरों को केंद्र शासन के अनुरूप 1 जुलाई से 2 प्रतिशत राहत पेंशन भुगतान के लिए स्वीकृति आदेश जारी नहीं किया गया है।

# छात्रों के हाथ में चखना, शराब और उड़ रहे धुएं के छल्ले





हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

नशे के गढ़ के तौर पर तब्दील हो रहा बचपन। हाथ में चखना और जेब में शराब की शीशी, स्मोकिंग करते हुए यह छात्र झलप हाईस्कूल के पास स्थित अमराई में अक्सर नजर आते हैं। शासन करोड़ों रुपए नशे और धूम्रपान के खिलाफ विज्ञापनों में खर्च करने में मशगूल है, लेकिन आज छोटे-छोटे से गांव की हकीकत इसके विपरीत है। शराब एवं धूम्रपान से संबंधित सामान होटल, पान ठेले या खोमचे में आसानी से उपलब्ध है। इन शराब दुकानों में भी सेल्समैन बिना उम्र देखे स्कूली छात्रों को रकम लेकर शराब सौंप रहे हैं। प्रतिनिधि द्वारा इस गंभीर विषय को लेकर स्कूल प्रिंसिपल विजय लक्ष्मी सिदार से संपर्क किया गया तो उन्होनें अपने स्कूल के छात्र होने की बात से इंकार कर दिया। आबकारी जिला अधिकारी अजय पांडेय ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई भी होगी।

# बुंदेली बालक शाला में भवन निर्माण तक लगेगी कन्या प्रा व पूमा कक्षाएं, कलेक्टर ने ग्रामीणों को दिलाया भरोसा

## जनदर्शन में आए 41 आवेदन, निराकरण के लिए संबंधित विभागों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जनदर्शन में जिलेभर से आए आवेदकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए संबंधित विभाग को निर्देश भी दिए। पिथौरा विकासखंड के बुंदेली गांव में कन्या प्राथमिक शाला और कन्या पूर्व माध्यमिक शाला को गांव के ही शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला में संचालित करने के आदेश भी कलेक्टर ने दिए है। जनदर्शन में 41 आवेदन प्राप्त हुए। जिनके निराकरण के लिए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में बुंदेली गांव के विमल महंत ने आवेदन देकर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह को बताया कि शासकीय कन्या प्राथमिक शाला का संचालन गांव के ही मंगल भवन में किया जा रहा है। जिसे शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला में स्थानांतरित किया जाए। इसी तरह शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला को उसके भवन निर्माण तक बालक शाला में संचालित करने की मांग की गई। कलेक्टर लंगेह ने गंभीरता के साथ मामले को प्राथमिकता देते हुए शासकीय कन्या प्राथमिक शाला और शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला को बालक शाला में संचालित किए जाने का निर्देश दिए। इसी तरह बसना विकासखंड के ग्राम बड़ेटेमरी की सुबो बाई गोंड ने आवेदन दिया कि न्यायालय के आदेश के बाद भी उन्हें उनकी जमीन पर कब्जा नहीं मिल पाया है। जिस पर कलेक्टर ने तत्काल बसना तहसीलदार को इस मामले के निराकरण करने का आदेश दिया। वहीं ग्राम कुसमीसरार के रघुलाल नंद ने ऑनलाइन रिकार्ड में अपना खसरा सुधरवाने, ग्राम बांसकुड़ा-2 के रहवासियों ने वनाधिकार पट्टा के लिए, बुंदेली के राजेंद्र ढीढी ने शासन से प्राप्त भूमि के अवैध विक्रय की शिकायत एवं खुमान सिंह साहू ने अपने पेंशन से संबंधित आवेदन दिए। कलेक्टर ने सभी प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल निराकरण के आदेश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# स्मार्ट मीटर और बढ़े हुए बिजली बिलों से जनता त्रस्त, आप ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में हो रही अप्रत्याशित बढ़ोतरी और आम जनता को हो रही परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को बिजली विभाग के ईई सुनील कुमार साहू विद्युत विभाग को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। पार्टी ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं के बिजली बिल दोगुना-तीन गुना तक बढ़कर आ रहे हैं, जिससे आम नागरिकों, किसानों और मध्यम वर्गीय परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। कई उपभोक्ताओं ने शिकायत की है कि पहले जहां 800 से 1000 तक का बिल आता था, अब वही बिल 2000 से 3000 तक पहुंच रहा है।

प्रदेश सचिव संजय यादव ने कहा, बिजली जैसे मूलभूत सेवा में इस तरह की गड़बड़ी बेहद गंभीर है। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार बढ़े हुए बिलों से परेशान हैं। सरकार को चाहिए कि वह जनता को राहत दे और स्मार्ट मीटर व्यवस्था की पूरी समीक्षा करे।₹वहीं जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा लोग बिजली बिल के भार से बचने के लिए घरों में सोलर लगवा रहे हैं, लोग अपने बचत बिजली को विद्युत विभाग को निर्यात कर रहे हैं, लेकिन विभाग अपने बिजली का तो पूरा पैसा ले रही हैं और आम जनता के पैसों का भुगतान नहीं कर रही है। विभाग प्रदेशभर में करोड़ों रुपए सोलर उपभोक्ताओं की बिजली को बेच चुकी है और उपभोक्ताओं को भुगतान नहीं कर रही है। आम आदमी पार्टी ने चेतावनी देते हुए कहा यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आम आदमी पार्टी जनहित में इसके विरोध हेतु जमीनी स्तर पर घर-घर जा कर लोंगो से फॉर्म भरा कर मुख्यमंत्री के नाम सामुहिक ज्ञापन सौंपेगी और जरूरत पड़ने पर जनता के साथ मिल कर उग्र आंदोलन करेगी। ज्ञापन सौंपने आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर, प्रदेश सचिव संजय यादव, जिलाध्यक्ष राकेश झाबक, राजेश तिवारी, कादिर चौहान उपस्थित रहे।

# विहिप की प्रांत बैठक में कार्यकर्ताओं को सौंपे गए अहम दायित्व



**महासमुंद।** विश्व हिंदू परिषद की प्रांत बैठक अग्रोहा धाम रायगढ़ में 24, 25 एवं 26 जुलाई 2026 को हुई। बैठक संतों के मार्गदर्शन में भारत माता एवं राम जानकी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रचलित कर ब्रह्मानंद, विजय महामंत्र एवं एकात्मता मंत्र के साथ बैठक प्रारंभ हुआ। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री अजय पारिक, केंद्रीय सह मंत्री जितेंद्र पवार, क्षेत्रिय संगठन मंत्री राजा राम, क्षेत्रीय मठ मंदिर प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा, क्षेत्रिय सेवा प्रमुख विभूतिभूषण पांडे, क्षेत्रीय विशेष संपर्क प्रमुख जुगराज धर, क्षेत्रीय नैतिक शिक्षा प्रमुख सुनील शर्मा, नए प्रांत अध्यक्ष डॉ ललित माखीजा, प्रांत मंत्री पुणेंद्र सिन्हा, प्रांत सहमंत्री नंदूराम साहू एवं रवि ब्रह्मचारी एवं प्रांत के अनेक आयाम प्रमुखों की उपस्थिति में निस्वार्थ भाव से तन मन धन से काम करने के लिए विहिप कार्यकर्ता, समर्पण के साथ कार्य करेंगे तो राष्ट्र को परम वैभव के शिखर तक ले जा सकते हैं, के भाव के साथ प्रांत विभाग एवं जिला स्तर पर नए कार्यकर्ताओं को दायित्व दिया गया। जिसमें प्रांत सह प्रमुख के रूप में विजय राठौड़, महासमुंद जिले से प्रांत सदस्य के रूप में राजमहंत प्यारेलाल कोसरिया, भागवतचार्य शैलेंद्र मिश्रा, राजिम विभाग सह संयोजक बजरंगदल गीतेश पंडा, महासमुंद जिला के लिए जिला सह मंत्री प्रदीप वर्मा, बजरंग दल जिला संयोजक अभिषेक दास, जिला सह संयोजक मनीष चंद्राकर, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका ललिता सिदार को महासमुंद जिले का नवीन दायित्व सौंपा गया। सभी नए दायित्ववान कार्यकर्ताओं को भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, कोषाध्यक्ष राहुल चंद्राकर, दानू सिन्हा, रितेश गोलछा, अखिलेश लूनिया, सौरभ अग्रवाल, विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन चंद्राकर, बसंत देवता, विद्या चरण पटेल, गौ सेवा आयोग जिलाध्यक्ष निलेश पटेल, नगर अध्यक्ष चंद्रबदन मिश्रा, बिपिन महंती, कान्हा प्रधान, उदय राम साहू, खिलावन यादव, दुजराम साहू, कौशलेंद्र चंद्राकर, रामेश्वर पांडे, अश्वनी शर्मा, चंदन नेताम, लोकेश दावरा, सुमन सेंद्रे, नीरज वर्मा, रामेश्वर साहू, समकित मालू, गुड्डा सिन्हा, इवन साहू, पल्लवी दुबे, सुरेंद्र महाराज सहित विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के सदस्यों ने हर्ष जताया है।

# गो सम्मान आह्वान अभियान के द्वितीय चरण में देशभर के सभी जिलों से सरकार को सौंपे गए 15 करोड़ से अधिक हस्ताक्षरों सहित प्रार्थना-पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




गोमाता की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से संचालित गो सम्मान आह्वान अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत जिले सहित देशभर के सभी जिलों में संबंधित जिलाधिकारी के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संबंधित राज्य के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम हस्ताक्षरयुक्त प्रार्थना-पत्र एवं ज्ञापन सौंपे गए।

ज्ञातव्य है कि पिछले लगभग छह माह से देशभर के संतों, गौसेवकों एवं गोभक्तों के नेतृत्व में गो सम्मान आह्वान अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से सम्पूर्ण भारत में गोहत्या-निषेध के लिए केंद्रीय कानून, गोमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान, गोचर भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराना, केंद्रीय गो मंत्रालय की स्थापना, केंद्रीय गो-चारा नीति का निर्माण तथा कृषि, चिकित्सा, पर्यावरण, शिक्षा एवं मानव जीवन से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों को गो-केंद्रित राष्ट्रीय नीति का हिस्सा बनाने सहित 30 से अधिक प्रमुख मांगें सरकार के समक्ष रखी गई हैं। इन मांगों के समर्थन में देशभर में व्यापक जनजागरण एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

अभियान के प्रथम चरण में 27 अप्रैल 2026 को देश की लगभग 5,000 तहसीलों के माध्यम से 5 करोड़ से अधिक नागरिकों के हस्ताक्षरों सहित प्रार्थना-पत्र राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संबंधित राज्यों के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्रियों को सौंपे गए थे। इन मांगों पर अपेक्षित निर्णय न होने के कारण अभियान के द्वितीय चरण में आज पुनः देशभर के सभी जिलों से 15 करोड़ से अधिक नागरिकों के हस्ताक्षरों सहित रिमाइंडर प्रार्थना-पत्र सरकार को प्रेषित किए गए।

जिले की ओर से भी लगभग 4,67,500 भारत सरकार को प्रेषित किया गया। लाख नागरिकों के हस्ताक्षरों सहित प्रार्थना-पत्र संबंधित जिलाधिकारी के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारम्भ निर्धारित शुभ मुहूर्त में गोमाता के पूजन, शंखनाद एवं श्री राम जय राम जय जय राम विजय मंत्र के सामूहिक जप के साथ हुआ। इसके उपरांत गोभक्तों ने बैनर अभियान संदेशों वाले प्लेकार्ड एवं भजन-कीर्तन के साथ शांतिपूर्ण एवं अनुशासित प्रार्थना-यात्रा निकालते हुए जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुँचे। प्रार्थना-यात्रा में गोमाता की झांकी तथा अभियान के अंतर्गत संकलित हस्ताक्षरों का प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात संत-महात्माओं, जिला कार्यकारिणी, विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन एवं हस्ताक्षरयुक्त प्रार्थना-पत्र सौंपा।

इस अवसर पर अभियान के प्रतिनिधियों ने कहा कि गोमाता केवल धार्मिक आस्था का विषय ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, कृषि, पर्यावरण, ग्राम्य अर्थव्यवस्था एवं जनकल्याण का भी महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने सरकार से गोमाता की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान से संबंधित सभी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया। साथ ही कहा कि यह अभियान पूर्णतः शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से संचालित किया जा रहा है तथा जनभावनाओं के अनुरूप निर्णय होने तक चरणबद्ध रूप से आगे भी जारी विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि, मातृशक्ति, युवा, किसान, व्यापारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में गोभक्त उपस्थित रहे।



# बम्हनी स्कूल में छात्र संघ का गठन, मीनाक्षी बनीं शाला नायक

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनी में सत्र 2026-27 के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए संस्था के प्राचार्य चमनलाल चंद्राकर की अध्यक्षता एवं विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के सहयोग से विधिवत छात्र संघ का गठन किया गया। जिसमें शालानायक मीनाक्षी यादव (कक्षा 12वीं), उपशालानायक चित्ररेखा साहू (कक्षा 11वी), सचिव भूमिका साहू (12वीं) तथा सहसचिव अरिशा साहू (10वीं) मनोनीत किए गए। साथ ही अगल-अलग विभागों के मार्गदर्शक शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र-छात्राओं का भी चयन किया गया। तत्पश्चात मनोनीत छात्र-छात्राओं को विधिवत रूप से शपथ दिलाई गई। संस्था के प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को छात्र संगठन के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई एवं भविष्य में नेतृत्व की महत्ता को समझाया गया। कार्यक्रम में संस्था के शिक्षक शिक्षिकाएँ, स्टाफ एवं बीएड प्रशिक्षार्थी छात्राध्यापक उपस्थित थे, जिसमें जीएस कागजी, वंदना शुक्ला के साथ दिनेशवरी ध्रुव, सविता गायकवाड़, आशा कोसरिया, मीनाक्षी पांडेय, कुंती पटेल, मधुलिका यादव, अनिता जांगड़े, रितेश जोशी, नोमेंद्र दास वैष्णव, उमेश्वरी ध्रुव, नीलम सिन्हा, डेनिस चंद्राकर, पेमेश्वरी साहू, राजकुमारी श्रेय, अभिजीत ध्रुव एवं राधिका पटेल उपस्थित रहे।

# शून्य परसेंटाइल पर बीएससी नर्सिंग में प्रवेश, हाईकोर्ट के फैसले के बाद भी शुरू नहीं हो सकी काउंसिलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शून्य परसेंटाइल पर बीएससी नर्सिंग में एडमिशन का मौका देने हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी चिकित्सा शिक्षा विभाग चुप्पी साधे हुए है। अपने फैसले में न्यायालय ने काउंसिलिंग की प्रक्रिया 15 दिन में शुरू करने का निर्देश दिया था। प्राइवेट नर्सिंग कालेज एसोसिएशन ने 35 फीसदी सीटों के खाली रहने की वजह से इस मामले में न्यायालय की शरण ली थी। पिछली बार इस पाठ्यक्रम में एडमिशन के लिए न्यूनतम योग्यता 10 परसेंटाइल तय किया था। वर्ष 2025-26 की काउंसिलिंग के दौरान बड़ी संख्या में सीट खाली रहने पर नर्सिंग कालेजों की डिमांड पर शासन 10 परसेंटाइल वालों को बीएससी नर्सिंग में एडमिशन का मौका दिया था। अनुमान के विपरीत निर्णय होने की वजह कालेजों में



35 फीसदी सीटें खाली रह गई थीं। वहीं करीब 3 हजार अभ्यर्थी अपनी पढ़ाई से चूक गए थे। इस मामले में उच्च न्यायालय में लगाई गई याचिका में सुनवाई के बाद फैसला दिया गया था कि पूर्व वर्षों की तरह शून्य परसेंटाइल पर एडमिशन को मान्य किया जाए और खाली सीटों पर प्रवेश के लिए पुनः काउंसिलिंग कराई जाए। हाईकोर्ट ने इस आदेश का पालन करने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग को 15 दिन का समय भी दिया था। वर्तमान में वह समय बीत चुका है मगर चिकित्सा शिक्षा विभाग की चुप्पी खत्म नहीं हुई है।

### *इस बार नौ शासकीय नर्सिंग कालेज भी*

*राज्य में इस बार नौ शासकीय नर्सिंग कालेज भी खोलने की तैयारी है। इन कालेजों को स्थापित करने के लिए शासन की ओर से विभिन्न पदों पर भर्ती की प्रक्रिया भी पूरी की जा रही है। बलरामपुर, बैकुंठपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, जांजगीर-चांपा, जशपुर, कुरुद, पुसौर के साथ नया रायपुर अटल नगर में इसकी स्थापना की जानी है। इन कालेजों के शुरू होने के बाद राज्य में सरकारी नर्सिंग कालेजों की संख्या 17 हो जाएगी। इससे बीएससी सहित अन्य पाठ्यक्रम की नर्सिंग सीटों में इजाफा हो जाएगा।*

# महर्षि विद्या मंदिर में मनाया गया विश्व प्रकृति संरक्षण एवं वर्ल्ड टाइगर दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




महर्षि विद्या मंदिर मचेवा में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस एवं वर्ल्ड टाइगर डे पर विद्यालय के ईको क्लब द्वारा प्राचार्य के मार्गदर्शन में विविध जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रकृति, पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था।

कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में वाणी यादव, चैताली साहू, आरुषि थोते, अलीशा सेवाई एवं नियति सिदार ने समूह में आकर्षक एवं संदेशात्मक पोस्टर तैयार कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। भाषण प्रतियोगिता में आर्या सोनी, अनन्या चंद्राकर एवं ओजस्वी साहू ने बाघ संरक्षण, जैव विविधता एवं पर्यावरण संतुलन के महत्व पर प्रभावशाली विचार व्यक्त किए। संगीत प्रस्तुति में सेजल पण्डा ने प्रकृति संरक्षण पर आधारित प्रेरणादायी गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कॉमर्स संकाय के विद्यार्थियों द्वारा शेर का मुखौटा पहनकर निकाली गई जागरुकता रैली रही। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने वन्यजीव बचाओ, प्रकृति बचाओ, बाघ बचेंगे, जंगल बचेंगे जैसे नारों के माध्यम से वन्यजीव संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों एवं ईको क्लब के सदस्यों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों से प्रकृति एवं वन्यजीवों के संरक्षण के लिए सदैव सक्रिय रहने का आह्वान किया।

**खबर संक्षेप**



## पटेवा स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पटेवा में बच्चों के लिए एक विशेष स्नेह भोज का आयोजन किया गया। यह न्योता भोज संकुल के पूर्व प्राचार्य समीर चंद्र प्रधान द्वारा आयोजित किया गया। सभी छात्र-छात्राओं को नियमित भोजन के अतिरिक्त विशेष रूप से तैयार किए गए स्वादिष्ट पकवान, मिठाइयां और फल उन्होनें स्वयं परोसे। इस अवसर पर शूपमाशा पटेवा के वर्तमान प्रधान पाठिका आभा एंटोनी, शिक्षक स्टाफ और संकुल समन्वयक राजू देवांगन ने इस पहल की सराहना की।

## प्रशासन की अनदेखी के चलते झलप-बागबाहरा मार्ग बनी आफत

**झलप।** प्रशासन और लोक निर्माण विभाग की लापरवाही के चलते झलप -बागबाहरा मार्ग की हालत बद से बदतर हो चुकी है। इस संदर्भ में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ आशीष कुलदीप ने कहा कि इस रोड के लिए विभाग द्वारा कई बार राशि की मांग भेजी गई है, लेकिन इस कार्य के लिए राशि स्वीकृत नहीं होने के कारण कार्य में विलंब हो रहा है। इन भारी भरकम गड्ढों में बजरी गिट्टी डलवाया गया है, लेकिन पानी के निकासी मार्ग में स्थानीय दुकानदारों एवं रहवासियों द्वारा मिट्टी डालकर निकासी मार्ग अवरुद्ध करने के कारण कुछ ही दिनों में ये सब बर्बाद हो जाता है।

**समस्या :** जर्जर सड़क की तत्काल मरम्मत की मांग करते हुए पीडब्ल्यूडी के ईई को सौंपा ज्ञापन

# झलप-पचरी मार्ग की जर्जर सड़क से जनता त्रस्त, 15 दिनों में मरम्मत नहीं हुई तो जनकल्याण संस्थान करेगा आंदोलन







हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

झलप–बागबाहरा मार्ग के झलप से पचरी तक की अत्यंत जर्जर सड़क की तत्काल मरम्मत की मांग करते हुए मानव जनकल्याण संस्थान छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विजय चतुर्वेदी ने पीडब्ल्यूडी के ईई को ज्ञापन सौंपा। चतुर्वेदी ने बताया कि यह मार्ग आसपास के दर्जनों गांवों का प्रमुख संपर्क मार्ग है, जिससे प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन, एंबुलेंस, स्कूली वाहन, यात्री बसें तथा आम नागरिक आवागमन करते हैं।

इसी मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, छात्र-छात्राएं, मरीज, किसान एवं कर्मचारी भी गुजरते हैं। उन्होंने कहा कि सड़क की अत्यंत खराब स्थिति के कारण कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं तथा भविष्य में किसी भी समय बड़ी जनहानि होने की आशंका बनी हुई है। बरसात के मौसम में सड़क पर बने गहरे गड्ढों से लोगों का आवागमन अत्यंत जोखिमपूर्ण हो गया है।

संस्थान ने प्रशासन से मांग की है कि 15 दिनों के भीतर सड़क की मरम्मत अथवा पुनर्निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए। यदि निर्धारित समय सीमा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती है, तो संस्था क्षेत्र की जनता के साथ शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन, जनआंदोलन, भूख हड़ताल एवं अन्य लोकतांत्रिक कार्यक्रम आयोजित करेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित विभाग एवं प्रशासन की होगी। डॉ. विजय चतुर्वेदी ने कहा कि यह किसी राजनीतिक उद्देश्य का विषय नहीं, बल्कि जनहित, स्कूली बच्चों की सुरक्षा और आम नागरिकों के सुरक्षित आवागमन का मुद्दा है। उन्होंने शासन एवं प्रशासन से अविलंब कार्रवाई कर सड़क को दुरुस्त कराने की अपील की है।

### ज्ञापन एवं जनहित कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख नागरिक

इस अवसर पर ग्राम छिलपावन के सरपंच राधेश्याम पटेल, डिंपल सलूजा, गुंजन ध्रुव पूर्व सरपंच सिंघनपुर सहित क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे। उपस्थित नागरिकों ने भी झलप-पचरी मार्ग की तत्काल मरम्मत की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि सड़क की वर्तमान स्थिति आम जनता के लिए गंभीर परेशानी और दुर्घटना का कारण बनी हुई है। सभी ने प्रशासन से समय-सीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की।

# नगर के सभी विद्युत पोलों की हुई नंबरिंग, नागरिकों को मिल रही त्वरित सुविधा

**महासमुंद।** नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने पालिका प्रशासन द्वारा शहर के सभी विद्युत पोलों की पहली बार क्रमबद्ध नंबरिंग कराई गई है। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की पहल पर किए गए इस नवाचार का लाभ नगरवासियों को मिलेगा। नगर के किसी भी क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट बंद होने अथवा विद्युत पोल से संबंधित कोई समस्या होने पर नागरिक संबंधित पोल का नंबर बताकर नगर पालिका को सूचना देने से कर्मचारियों को समस्या वाले स्थान की तुरंत पहचान करने में सुविधा हो रही है साथ ही शिकायतों का शीघ्र निराकरण हो पा रहा है। पूर्व में पोल की सही पहचान नहीं होने से शिकायतों के समाधान में अनावश्यक विलंब होता था, लेकिन नंबरिंग व्यवस्था लागू होने के बाद शिकायतों के निराकरण की प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी और प्रभावी हो गई है। नगर पालिका अध्यक्ष साहू ने कहा कि नगरवासियों को बेहतर, सुरक्षित एवं त्वरित नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना परिषद की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विद्युत पोलों की नंबरिंग व्यवस्था इसी दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे स्ट्रीट लाइट संधारण व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हुई है। नगर पालिका परिषद ने सभी नागरिकों से अपील की है कि स्ट्रीट लाइट बंद होने या विद्युत पोल से संबंधित किसी भी समस्या की सूचना देते समय संबंधित पोल का नंबर अवश्य बताएं, ताकि समस्या का शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण किया जा सके।




## सांसद को छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, अंडमान-निकोबार व पुडुचेरी का मिला प्रभार

### हर घर तिरंगा अभियानः भाजपा ने राष्ट्रीय समन्वयकों को सौंपी राज्यों की जिम्मेदारी



**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी ने हर घर तिरंगा–तिरंगा यात्रा 2026 अभियान के लिए महासमुंद लोकसभा सांसद एवं भाजपा छत्तीसगढ़ की प्रदेश उपाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी को राष्ट्रीय टीम में सदस्य के रूप में उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, अंडमान एवं निकोबार तथा पुडुचेरी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा का 'हर घर तिरंगा–तिरंगा यात्रा 2026' अभियान स्वतंत्रता और राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया जाएगा। पार्टी का मानना है कि अनुभवी नेतृत्व को क्षेत्रवार जिम्मेदारी सौंपने से अभियान का संचालन अधिक प्रभावी और व्यवस्थित होगा।



## रागिनी का शक्तिसैट मून मिशन के लिए चयन, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर एवं महिला मोर्चा ने जताया हर्ष

**महासमुंद।** अंतरराष्ट्रीय शक्तिसैट मून मिशन के लिए चयन होने पर रागिनी साहू की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर एवं भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस अवसर पर हुलसी ने कहा कि सामान्य किसान परिवार से निकलकर सरकारी स्कूल में शिक्षा प्राप्त करने वाली रागिनी का अंतरराष्ट्रीय मून मिशन के लिए चयन होना यह साबित करता है कि प्रतिभा किसी संसाधन या परिस्थिति की मोहताज नहीं होती। उन्होंने कहा कि रागिनी की सफलता छत्तीसगढ़ की बेटियों के लिए प्रेरणा और लाखों ग्रामीण परिवारों के लिए उम्मीद की किरण है। उनकी यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी की बेटियों को विज्ञान, तकनीक एवं अंतरिक्ष के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कहा कि रागिनी की यह सफलता पूरे समाज के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा पुष्पलता चौहान, मीना वर्मा, सुशीलकांति पटेल, जानकी साहू, पार्षद भारती चंद्राकर, कल्पना सूर्यवंशी उपस्थित रहे।

# सीबीएसई फॉर ईस्ट जोनल हैंडबॉल प्रतियोगिता में रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महासमुंद।** ओरिएंटल पब्लिक स्कूल अंबिकापुर में 23 से 26 जुलाई तक आयोजित सीबीएसई फॉर ईस्ट जोनल हैंडबॉल प्रतियोगिता में रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बालिका टीम ने रजत पदक (द्वितीय स्थान) तथा बालक टीम ने कांस्य पदक (तृतीय स्थान) प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित की। बालिका टीम ने पूरे टूर्नामेंट में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए अपने पहले मैच में केपीएस बिलासपुर को 10-0, दूसरे मैच में ओरिएंटल पब्लिक स्कूल, अंबिकापुर को 8-0 तथा तीसरे मैच में द ग्रेट इंडियन स्कूल को 10-0 से पराजित किया। इसके पश्चात सेमीफाइनल में सेंट ज़ेवियर स्कूल, ओडिशा को 7-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया और उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। बालिका टीम में जिज्ञासा साहू, रीनू पटेल, ऋषिका खा खा, निहारिका पटेल, काजल पटेल, विधि केसरवानी, डॉली साहू, साखी गुप्ता, दिव्या चंद्राकर, दीपाली साहू, पुष्पांजलि साहू एवं चारू चंद्राकर शामिल रहीं।

इसी प्रकार बालक टीम ने भी प्रतियोगिता में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए कड़े मुकाबलों में उत्कृष्ट खेल का परिचय दिया। टीम ने एचएएम अकादमी जगदलपुर को 12-11, सेंट टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल बोरीदादर (रायगढ़) को 20-4, क्वार्टर फाइनल में विकास रेजिडेंशियल स्कूल बरगढ़ (ओडिशा) को 18-5 तथा तृतीय स्थान के मुकाबले में सेंट ज़ेवियर हाई स्कूल, केंजहर (ओडिशा) को 15-8 से पराजित कर कांस्य पदक अर्जित किया। बालक टीम में नमन यादव, ईशांत पटेल, साहिल साहू, मयंक पटेल, अनुराग बनर्जी, प्रतुल चंद्राकर, अर्पित अग्रवाल, श्रेयांश चंद्राकर, अयान वर्मा शामिल रहे। कोच कौनैन अहमद के मार्गदर्शन एवं निरंतर प्रशिक्षण से खिलाड़ियों के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला, जिसका सकारात्मक प्रभाव टीम के परिणामों पर स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। विद्यालय की प्राचार्या पूजा शर्मा ने दोनों टीमों, प्रशिक्षकों एवं खेल विभाग को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों के अनुशासन, निरंतर अभ्यास एवं टीम भावना का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी विद्यालय के खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन करेंगे। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों में हर्ष का वातावरण व्याप्त है।




**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

//ईश्तहार//

क्रमांक / 975/तह/वाचक/ 2026
बागबाहरा, दिनांक 16/7/2026
रा.मा.क्र.. ब/121, वर्ष 2025-26
ग्राम -भीखापाली प.ह.नं. 9 तहसील बागबाहरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम भीखापाली प.ह.नं. 9 रा.नि.मं. तेंदूकोना तहसील बागबाहरा, जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया, जाता है कि आवेदक बालाराम पटेल पिता रामदयाल पटेल जाति मरार निवासी ग्राम भीखापाली तहसील बागबाहरा, जिला महासमुन्द द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे बहन सुकवारो जाति मरार की मृत्यु दिनांक 19/07/2000 को हो गई है। मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी हो रही है, मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावे। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उजर दावा या आपत्ति हो, तो पेशी तिथि 30/7/2026 को न्यायालयीन अवधि में लिखित में उजर दाबा या आपत्ति स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक 16/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार बागबाहरा

# वेतन काटने के आदेश का छग शिक्षक संघ ने किया कड़ा विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- वीएसके ऐप की तकनीकी कमियों के बीच ऑनलाइन अटेंडेंस से वेतन काटने का विरोध, शिक्षक संघ ने स्कूलों में बायोमैट्रिक मशीन से उपस्थिति दर्ज कराने की मांग की

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) द्वारा ऑनलाइन अटेंडेंस के आधार पर शिक्षकों एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों का वेतन आहरित करने संबंधी जारी आदेश का कड़ा विरोध जताया है। संघ का कहना है कि विभाग द्वारा वीएसके (विद्या समीक्षा केंद्र) ऐप की जमीनी हकीकत और उसकी गंभीर तकनीकी खामियों को नजरअंदाज कर यह अव्यावहारिक आदेश थोपा गया है।

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, महामंत्री मनोज राय, उपप्रांताध्यक्ष टेकराम सेन ने ऐप की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य के दूरदराज और ग्रामीण अंचलों में नेटवर्क की भारी समस्या बनी रहती है। शाला परिसर में उपस्थित होने के बावजूद ऐप में शाला से दूरी (लोकेशन इरर) दिखाई जाती है। इतना ही नहीं, कई बार 'चेक इन ' की प्रविष्टि करने के बाद भी डेटा दर्ज नहीं होता और शाम को 'चेक आउट ' करते समय ऐप पुनः 'चेक इन ' दर्ज करने को कहता है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि ऐप में व्याप्त इन गंभीर तकनीकी त्रुटियों के कारण 100 प्रतिशत शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज होना व्यावहारिक रूप से संभव ही नहीं है। ऐसे में ऐप की विफलता का खामियाजा शिक्षकों को अपने वेतन में कटौती के रूप में भुगतना पड़ेगा, जो कि पूर्णतः अन्यायपूर्ण है।

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने स्पष्ट किया है कि संघ पूर्व में भी बायोमीट्रिक मशीन के माध्यम से प्रामाणिक उपस्थिति दर्ज कराने की मांग करता रहा है। संघ ने मांग की है कि ऑनलाइन वीएसके ऐप के स्थान पर विद्यालयों में बायोमीट्रिक मशीन से उपस्थिति व्यवस्था लागू की जाए। जब तक बायोमीट्रिक प्रणाली सुचारू रूप से स्थापित नहीं हो जाती, तब तक पूर्ववत शाला की पारंपरिक 'शिक्षक उपस्थिति पंजी' के आधार पर ही पूर्ण वेतन का आहरण सुनिश्चित किया जाए।

### संघ ने दी चेतावनी

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने शासन-प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि वीएसके ऐप के आधार पर वेतन रोकने का यह तुगलकी फरमान तत्काल वापस नहीं लिया गया और शिक्षकों की जायज मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं हुआ, तो प्रदेशभर के शिक्षक आंदोलन हेतु बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन एवं शिक्षा विभाग की होगी। प्रमुख संगठन मंत्री महासमुंद भागवत जगत, जिला अध्यक्ष अनिल पटेल, सचिव जयराम पटेल, पूर्व संगठन मंत्री राजेंद्र इंगोले, रोहिणी देवांगन, टोहन देवांगन, लता वैष्णव, डी बसंत साव एवं विरोध करने वालों में जिलेभर के समस्त शिक्षक शामिल है।

## पट्टा मिलने से गरीब परिवारों के जीवन में आएगा बड़ा बदलाव : भाऊराम



**महासमुंद।** राज्य शासन की मंशा के अनुरूप नगरीय निकाय क्षेत्रों में आवासहीन परिवारों को पट्टा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वार्ड क्रमांक 25 में पट्टा धृति अधिकार अधिनियम 2023 के अंतर्गत विशेष सर्वे अभियान चलाया गया। सर्वे के दौरान विधायक प्रतिनिधि एवं पार्षद भाऊराम साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने मैदानी स्तर पर पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया। उनके साथ राजस्व विभाग से आरआई मनीष श्रीवास्तव, पटवारी तामेश्वर देवांगन, नगर पालिका से कर्मचारी शेखर पाटकर, जय किशन सोनी एवं प्लेसमेंट कर्मचारी सहायक मौसम साहू भी मौजूद थे।

सर्वे के उपरांत 33 आवासहीन परिवारों को पट्टा वितरण के लिए चिन्हांकित किया गया। इस अवसर पर भाऊराम ने कहा कि मुख्यमंत्री और राज्य सरकार गरीब, कमजोर और आवासहीन परिवारों के कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। पट्टा धृति अधिकार अधिनियम 2023 इसी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सर्वे पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है और कोई भी पात्र व्यक्ति इससे वंचित नहीं रहेगा।



## खबर संक्षेप

### प्रयास आवासीय विद्यालय के लिए तीन का चयन





**तेंदूकोना।** तेंदूकोना क्षेत्र से प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 में प्रथम सूची में शिवानी साहू, तनुज बरिहा, कोमल बरिहा का चयन रायपुर और बिलासपुर के विभिन्न स्कूलों लिए हुआ है। वे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूकोना में वर्ष 2025 से संचालित संकल्प-एक प्रयास निःशुल्क कोचिंग संस्था में अध्ययनरत थे। ये कक्षाएं प्रत्येक शनिवार और रविवार को विद्यालय में संचालित होती थी। उनकी इस सफलता में विद्यालय परिवार के पूर्व प्राचार्य एसएस दीवान, वर्तमान प्राचार्य आरएन प्रधान और समस्त विद्यालय परिवार ने हर्ष जताया। संकल्प कोचिंग के शिक्षकों कोमल ध्रुवंशी, ममता तिवारी, संजय श्रीवास्तव, सुषमा देवांगन, रेखराम दीवान, नेपाल सिन्हा, मोहन पटेल, जितेंद्र दीवान ने भी इस कठिन परीक्षा को लगन मेहनत और धैर्य से सफलता प्राप्त करने पर हर्ष जताया है।

### गुरु पूर्णिमा पर राम मंदिर में रुद्राभिषेक आज

**महासमुंद।** आदित्य आनंद वाहिनी पीठ परिषद द्वारा गुरुपूर्णिमा पर स्थानीय राम मंदिर में 29 जुलाई बुधवार को अपरान्ह 3.50 बजे से रुद्राभिषेक, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, संगोष्ठी, प्रसाद वितरण किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए पीठ परिषद के प्रमोद तिवारी ने सभी धर्म प्रेमियों से उपस्थित की अपील की है।

### सलूजा को बनाया गया हर घर तिरंगा अभियान का मंडल संयोजक



**पिथौरा (ग्रामीण)।** भाजपा द्वारा 11 से 15 अगस्त तक आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रव्यापी हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान को लेकर संगठनात्मक तैयारियां तेज हो गई हैं। भाजपा मंडल पिथौरा के अध्यक्ष आशीष शर्मा की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने पार्टी कार्यकर्ता एवं नवनियुक्त एल्डरमैन सतप्रीत (विक्की) सलूजा को हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान का मंडल संयोजक नियुक्त किया है। अभियान के दौरान घरों, प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा फहराने के लिए जन-जागरूकता कार्यक्रम, तिरंगा यात्राएं, प्रभात फेरियां, बाइक रैलियां, युवा एवं महिला सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, देशभक्ति गीत-संगीत तथा विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विशेष आयोजन किए जाएंगे। साथ ही युवाओं, महिलाओं, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आम नागरिकों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

## निधन

### कृष्ण कुमार चंद्राकर



**महासमुंद।** ग्राम बावनकेरा निवासी कृष्ण कुमार चंद्राकर (64) का 26 जुलाई रविवार को निधन हो गया। वह पवन, संजय, अजय चंद्राकर के बड़े भाई, सेवानिवृत शिक्षक रामनारायण चंद्राकर के भतीजे व सेवानिवृत पशु चिकिसा अधिकारी रामकुमार चंद्राकर के चचेरे भाई थे।

### नारायण प्रसाद शर्मा



**महासमुंद।** ग्राम सिरपुर के वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण प्रसाद शर्मा का 70 वर्ष की उम्र में हृदयघात से निधन हो गया। अंतिम संस्कार सिरपुर में किया गया, जिसमें काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। वे लोकेश, राजेंद्र व पूणेश शर्मा के पिता थे। स्व. शर्मा बोल बम सेवा समिति से भी सक्रिय रूप से जुड़े रहे, उनके निधन पर बोल बम सेवा समिति ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

---

**समीक्षा बैठक : बारिश को देखते हुए स्थानीय प्रशासन को अलर्ट मोड में रहने के दिए निर्देश**

# बैठक में कलेक्टर ने कहा: प्राकृतिक आपदा के प्रकरणों का समय सीमा के भीतर हो निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने समय-सीमा की

- खाद वितरण में किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो
- कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश





बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि साहू सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ, सीएमओ एवं जिला स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। सभी विभागीय अधिकारियों को नियमित रूप से पोर्टल में लॉगिन कर लंबित शिकायतों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में 676 प्रकरणों का फीडबैक सहित निराकरण किया गया है। जिले में सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत 3097 शिकायत प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर ने प्राकृतिक आपदा (आरबीसी) 6-4 के प्रकरणों को अविलंब निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरणों में पटवारी स्वयं मौके पर जाकर सत्यापन करें और प्रकरण दर्ज करें। संबंधित तहसीलदार प्रकरण के निराकरण के लिए आवश्यक समन्वय करते हुए समय-सीमा में आर्थिक सहायता प्रदान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग से पोस्टमार्टम, पुलिस विभाग से खात्मा खारिज रिपोर्ट प्राप्त करें।

कलेक्टर ने विशेष प्रकरणा एवं वनाधिकार पट्टा धारकों का एग्रीस्टैक पंजीयन शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि एग्रीस्टेक पंजीयन किसानों के लिए महत्वपूर्ण है, संस्थागत पंजीयन के मामले को भी प्राथमिकता से समाधान किया जाए। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार, राजस्व एवं कृषि विभाग के मैदानी अमले को विशेष ध्यान देते हुए शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर लंगेह ने किसानों को खाद की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कहा कि शासन के निर्देशानुसार किसानों को यूरिया का आवश्यकतानुसार एकमुश्त मात्रा में प्रदान किया जाए, शेष खाद निर्देशानुसार प्रदान करें। कृषि विभाग के अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 87 हजार 227 मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है, जो कुल लक्ष्य का 82 प्रतिशत है। जिसमें 67 हजार 640 मीट्रिक टन का वितरण किया गया है। कलेक्टर ने खाद के वितरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को खाद वितरण पास मशीन से करवाने एवं सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार सभी विभागों को ई-ऑफिस एवं ई-फाइल प्रणाली का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने कहा है। उन्होंने कहा कि ई-फाइल 1 अगस्त से अनिवार्य है। इसी तरह आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों की इसकी नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं तथा अनिवार्य रूप से आधार आधारित उपस्थिति दर्ज करने कहा है। उन्होंने कहा कि ई-फाईल और आधार आधारित उपस्थित में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभाग को पुरस्कृत किया जाएगा। मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट को देखते हुए सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। नदी-नालों, पुराने पुल-पुलियों और जलभराव वाले क्षेत्रों में सुरक्षा के समुचित इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया जाए। उन्होंने ग्राम पंचायतों में कोटवार और सचिवों को सतर्क रहने तथा मुनादी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बारिश में बिना वजह घर से बाहर न निकले। उन्होंने जीवन रक्षक दवाइयों, मेडिकल टीमों एवं स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करने कहा।

कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी आदि सेवा केंद्र सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को नियमित रूप से संचालित किए जाएं, ताकि हितग्राहियों को सेवाओं का लाभ मिल सके। जिले में ऐसे 308 ग्राम का चयन किया गया है। बैठक में टीबी मुक्त जिला अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को टीबी मरीजों की शीघ्र पहचान, नियमित उपचार, निक्षय पोषण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा जनजागरूकता गतिविधियों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त पंचायत, विकासखंड एवं जिला बनाने के लक्ष्य को समयबद्ध तरीके से प्राप्त करने के लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करें।

कलेक्टर लंगेह ने नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्देशित किया कि शासन की मंशानुरूप आवासहीन व्यक्तियों को पट्टा प्रदान करने किए जा रहे सर्वेक्षण कार्य को गंभीरता से लेते हुए सर्वेक्षण कार्य 10 अगस्त तक पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। सभी अनुविभागीय अधिकारियों को मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा कलेक्टर ने विभिन्न प्राधिकरणों के लंबित निर्माण कार्यों को पूर्ण करने, न्यायालय के प्रकरणों का जवाबदावा समय पर प्रस्तुत करने, सुशासन तिहार, कलेक्टर जनदर्शन, पीजी पोर्टल, लोक सेवा गारंटी अधिनियम, पेयजल व्यवस्था, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा जन शिकायतों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

---

## तहसील कार्यालय में भरा पानी...



**झलप।** झलप तहसील कार्यालय में बारिश के चलते पानी के रिसाव होने से कार्यालय अंदर पानी भर गया है और मामलों से जुड़े कागजात भीग गए हैं। तहसील कार्यालय की कई वर्षो से मरम्मत नहीं होने के चलते जगह-जगह से प्लास्टर उखड़ गया है, हालत यह है कि छत के गिरने का भी खतरा है। कार्यालय में मौजूद किसानों एवं अन्य मामलों में उपस्थित पक्षकारों का कहना है कि जब तेज बारिश होती है तो डर लगता है और अधिकांश लोग आसपास के भवनों में चले जाते हैं कि कभी कोई हादसा न हो जाए, पानी में भीगने के कारण कागजात एवं फाइल में दीमक लगने का भी खतरा है। जब इस बाबत तसीलदार नीरज कुमार से बात की गई तो उनका कहना है कि उच्चाधिकारी को सूचना दे दी गई है। अन्य किसी भवन की व्यवस्था होने पर तत्काल में ऑफिस उस जगह स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

---

## प्रधानमंत्री पोषण योजना का संकुल स्तरीय निरीक्षण अधिकारियों ने बच्चों के साथ किया मध्यान्ह भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अरंड (पिथौरा)



शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में मंगलवार को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण) योजना के अंतर्गत संचालित मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम का संकुल प्राचार्य केके साहू एवं संकुल समन्वयक एलएन सिन्हा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने विद्यार्थियों के साथ पंक्तिबद्ध बैठकर मध्यान्ह भोजन ग्रहण किया तथा भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, पोषण मानकों एवं व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों से भोजन की गुणवत्ता एवं नियमितता के संबंध में संवाद भी किया तथा विद्यालय में संचालित पीएम पोषण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर संतोष व्यक्त करते हुए विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना की। अधिकारियों ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण, पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। विद्यार्थियों के साथ आत्मीयता से भोजन कर उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और विद्यालय में अनुशासित एवं सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। इस अवसर पर संस्था प्रमुख हेमंत खुटे, शिक्षिका तबस्सुम शेख एवं शिक्षक दिलीप कुमार पटेल उपस्थित रहे।

---

## महासमुंद के 86 शिव भक्तों का जत्था बाबा धाम के लिए हुए रवाना



**महासमुंद।** नगर के 81 शिवभक्त कांवरियों की टोली बाबा बैद्यनाथ धाम की मंगलमय कावड़ यात्रा के लिए महासमुंद से बस के माध्यम से रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। वहां से ट्रेन में बाबा धाम के लिए रवाना हुए। इस टोली में मुख्य रूप से नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश साहू, सोनी साहू, दीपक साहू, कमलेश साहू, रवि साहू, मीनाक्षी झा, जयचंद झा, जयप्रकाश साहू, घसिया यादव, पिंकी तिवारी, पुष्कर चंद्राकर, विनायक साहू, हीरालाल साहू, गणेश चंद्राकर, जीवन देवांगन सहित 81 लोग रवाना हुए। ये सभी शिव भक्त बिहार के सुल्तानगंज स्थित उत्तरवाहिनी गंगा से पवित्र जल लेकर लगभग 8 दिनों की पदयात्रा और धार्मिक अनुष्ठानों के उपरांत झारखंड के देवघर में स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचेंगे।

---

## पहली बार रंगीन पॉलीथिन वैज्ञानिक निस्तारण के लिए भेजी गई अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री बैकुंठ



**महासमुंद।** पर्यावरण संरक्षण एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पालिका सीएमओ सौरभ शर्मा के मार्गदर्शन एवं पहल पर नगर पालिका परिषद ने अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री बैकुंठ के साथ अनुबंध किया है, जिसके तहत नगर क्षेत्र से एकत्रित गैर-पुनर्चक्रण योग्य रंगीन पॉलीथिन एवं अन्य प्लास्टिक अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जाएगा।

अनुबंध के उपरांत पहली बार नगर पालिका परिषद द्वारा लगभग 3 टन से अधिक रंगीन पॉलीथिन अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री बैकुंठ भेजी गई। सीमेंट फैक्ट्री में इस प्लास्टिक अपशिष्ट का पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप को-प्रोसेसिंग तकनीक के माध्यम से निस्तारण किया जाएगा। इस प्रक्रिया से प्लास्टिक अपशिष्ट का सुरक्षित एवं वैज्ञानिक प्रबंधन सुनिश्चित होगा, जिससे प्रदूषण में कमी आएगी तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा ने बताया कि नगर पालिका द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में निरंतर नवाचार एवं प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ महासमुंद के उद्देश्य से इस प्रकार की पहल लगातार जारी रहेगी। नगर पालिका ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे प्लास्टिक अपशिष्ट को निर्धारित स्थानों पर ही उपलब्ध कराएं तथा स्वच्छ एवं हरित शहर बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

---

## कॉलेज में कारगिल विजय दिवस पर हुए देशभक्ति के कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के मार्गदर्शन और लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर एनसीसी अधिकारी के नेतृत्व में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस मौके पर भूतपूर्व सैनिक अरविंद साहू जो वर्तमान में शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक हैं। साथ ही भूतपूर्व सैनिक शेष नारायण जो वर्तमान में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट महाविद्यालय में पदस्थ है, मौजूद रहे। महाविद्यालय के कैडेटों ने भाषण, कविता और देशभक्ति गानों से कार्यक्रम को देशभक्ति के जज़्बों से भर दिया। राष्ट्रहित के लिए एक सच्चा देशभक्त को अपने संघर्षों से एक नया आयाम दे सकता है।

भूतपूर्व सैनिक अरविंद साहू ने बताया कि आज देश का युवा वर्ग नेक आदर्शों पर चलकर और लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन सकता है। युवा पीढ़ी को उत्साहित कर उनके अंदर देशप्रेम की जो भावना है उसको आत्मसात करना और इसके लिए अपना संघर्ष और त्याग की भावना मन में लेकर अच्छे मुक़ाम हासिल करना, ऐसे उनके मन में देशहित के लिए जिज्ञासा होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि आज के युवा वर्ग को सही गलत की पहचान करना एवं शिक्षकों के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए।

भूतपूर्व सैनिक शेष नारायण साहू ने कहा कि हम सभी को अपने मातृभूमि की रक्षा करने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। एक सच्चे देशभक्त के रूप में अपनी अलग मिसाल क़ायम करना है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो करुणा दुबे ने कहा कि आज की युवा में देश के लिए कुछ कर दिखाने की जुनून और जज़्बा दिखना चाहिए। हमारे भारतीय सेना के जांबाज़ सैनिक जिन्होंने अपने अटूट देशभक्ति, अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान से कश्मीर की बर्फीली चोटियों में तिरंगा लहराकर एक मिसाल क़ायम किए। कार्यक्रम के दौरान कारगिल विजय दिवस की डाक्यूमेंट्री दिखाई गई कि किस प्रकार हमारे सैनिक देश की रक्षा के लिए अपनी क़ुर्बानी दी है। कार्यक्रम में प्रो राजेश्वरी सोनी सहायक प्राध्यापक और राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय से डॉ नीलम अग्रवाल, डॉ मालती तिवारी ज़िला संगठक रासेयो, प्रो. आशुतोष पूरी गोस्वामी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो, अजय कुमार राजा, सरस्वती सेठ, प्रियंका सोनवानी, दिलीप कुमार बढ़ई, केशरचंद बनपाल, डॉ जगदीश सत्यम, मनबोध चौहान, डॉ अजय कुमार देवांगन, दिलीप लहरे क्रीड़ा अधिकारी, मुकेश पेंदरिया, कपिल पेंदरिया, कार्यालय से सौरभ साहू, केसर कश्यप, कुंदन देवांगन, राकेश साहू सहित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

